**कार्यालय प्राचार्य**
**बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)**
Website - www.bcspgcdmt.com
E-mail - pgcollege.dhamtari@gmail.com
AISHE CODE: C-21763
दूरभाष– 07722–238933
फैक्स – 07722–237933

दिनांक 09/11/2021

# पूरक परीक्षा 2021 संबंधी

# ।। सूचना ।।

परीक्षा केन्द्र कमांक-401, बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.) के बी.ए./बी.एस.सी./बी.कॉम./बी.एस.सी.(होम साइंस)-प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की पूरक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि उनकी परीक्षाएँ आनलाईन पद्धति (ब्लैण्डेड मोड) से विश्वविद्यालय के समय-सारणी के अनुसार सम्पन्न होगी।

- परीक्षार्थियों को आवश्यक उत्तरपुस्तिकाओं का वितरण महाविद्यालय के ग्रन्थालय भवन के काउण्टर से किया जाएगा। ऐसे परीक्षार्थी जो परीक्षा केन्द्र नहीं पहुंच सकते है वे विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के वेबसाईट से उत्तर पुस्तिका का मुख्य पृष्ठ (कवर पेज) डाउनलोड कर 32पृष्ठों की उत्तरपुस्तिका का निर्माण स्वयं कर सकते है।
- परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र समय-सारणी के अनुसार परीक्षा के दिन दोपहर 12.00 बजे तक वाट्सअप ग्रुप में प्रेषित किया जाएगा। परीक्षार्थी प्राप्त प्रश्नों का उत्तर उसी दिन उत्तर पुस्तिका में लिखकर महाविद्यालय के ग्रन्थालय भवन काउण्टर में 05 बजे तक जमा करेगें या दूसरे दिन दोपहर 12.00 बजे के पूर्व महाविद्यालय के ग्रन्थालय भवन के काउण्टर में जमा करेंगे। यदि किसी कारण वश परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होकर उत्तर पुस्तिका जमा करने में असमर्थ है तो परीक्षा के दूसरे दिन दोपहर 12.00 बजे के अन्दर स्पीड पोस्ट/डाक के माध्यम से परीक्षा केन्द्र कमांक 401, बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जोधापुर वार्ड, धमतरी के पते पर भेजेंगे। परीक्षा के दूसरे दिन अवकाश की स्थिति में भी महाविद्यालय में उत्तर पुस्तिकाए जमा होगी।
- उत्तर पुस्तिका निर्धारित दिवस एवं समय पर जमा नहीं करने की स्थिति में छात्र-छात्रा को अनुपस्थित माना जायेगा। स्पीड पोस्ट/डाक से प्रेषित उत्तर पुस्तिका के परीक्षा केन्द्र में नहीं पहुंचने/क्षतिग्रस्त होने पर परीक्षा केन्द्र अथवा विश्वविद्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
- परीक्षार्थी उत्तर पुस्तिका जमा करते समय यह सुनिश्चित करले कि उत्तर पुस्तिका के प्रत्येक पृष्ठ पर उनके द्वारा लघु हस्ताक्षर एवं उत्तर पुस्तिका के अंतिम पृष्ठ पर पूर्ण हस्ताक्षर कर दिये है।
- प्रत्येक परीक्षार्थी को उत्तर पुस्तिका प्राप्त करते समय एवं उत्तर पुस्तिका को महाविद्यालय में जमा करते समय कोविड-19 संकमण को रोकने हेतु शासन द्वारा जारी गाइडलाईन का पालन करना होगा।

विस्तृत जानकारी हेतु परीक्षार्थी महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं सूचना पटल का अवलोकन करें।

(डॉ.श्रीदेवी चौबे)
प्र.प्राचार्य
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-धमतरी (छ.ग.)